एक नजर में

बीएसए का एक्शन मोड, गैरहाजिर शिक्षकों का वेतन रोका, मची खलबली

उन्नाव। मियागंज ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में गुरुवार और शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय के लगातार निरीक्षण से शिक्षकों में हलचल रही। निरीक्षण के दौरान कहीं शिक्षक अनुपस्थित मिले तो कहीं विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था खराब मिली। कमियां मिलने पर बीएसए ने संबंधित शिक्षकों का वेतन रोकने की कार्यवाही की, जबकि विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि करीब दो साल बाद किसी बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मियागंज ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण किया है।बीएसए के निरीक्षण में मल्हौली विद्यालय में एक शिक्षक उपस्थित मिला, जबकि अन्य शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। वहीं, गौराकला विद्यालय में प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में निरीक्षण के दौरान रानी देवी और प्राची अनुपस्थित मिलीं। बीएसए द्वारा अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन रोकने की कार्यवाही की गई। गोबार विद्यालय में गंदगी मिलने पर बीएसए ने नाराजगी जताते हुए साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। बीएसए के निरीक्षण में मियागंज के विद्यालयों में शिक्षक उपस्थिति और शैक्षिक व्यवस्थाओं की स्थिति सामने आई। निरीक्षण में मिली कमियों को दूर कराने के साथ नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना विभाग के सामने अहम चुनौती है।

एसएसपी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आंकिक शाखा, आईजीआरएस सेल समेत अन्य शाखाओं में अभिलेखों के रखरखाव और कार्यालयीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने लंबित प्रकरणों और जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति परखी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर त्वरित कार्रवाई करने और अभिलेखों को व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया। एसएसपी ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, कार्यस्थलों की व्यवस्था और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। सभी अधिकारी और कर्मचारी अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जनशिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई करें, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

विशुनखेड़ा ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के प्रयास तेज

पुरवा, उन्नाव। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को ब्लॉक पुरवा की मॉडल ग्राम पंचायत विशुनखेड़ा का निरीक्षण किया गया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राकेश सिंह और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सुनील कुमार ने गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से टीबी बीमारी और सरकारी योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान टीबी के प्रति जागरूकता के लिए बैठक भी आयोजित की गई। राकेश सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स, स्वास्थ्य विभाग और पंचायती राज विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष ब्लॉक की लगभग सभी ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लिए बजट शामिल किया गया है। जल्द ही टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित करने, जागरूकता वॉल पेंटिंग कराने और अन्य कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। उन्होंने टीबी चौंपियन गीता देवी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने में स्वास्थ्य विभाग, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स और टीबी विजेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक समन्वयक संतोष कुमार सक्सेना, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अनुराग वर्मा, ग्राम प्रधानध्प्रशासक चंद्रशेखर और पंचायत सहायक ज्ञान शंकर मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता में बारा और पुरौना के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

बीघापुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र की बारा न्याय पंचायत की क्रीड़ा प्रतियोगिता कंपोजिट विद्यालय बारा में आयोजित हुई। खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने बालक-बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। बालक वर्ग की दौड़ में कंपोजिट विद्यालय बारा के कुणाल प्रथम, दुंदपुर के आदित्य द्वितीय और दिव्यांशु तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में बारा की श्रुति ने पहला, डिढुमा की सृष्टि ने दूसरा और रूपपुर परौरी की शिवानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुंदपुर की आराधना प्रथम, रूपपुर परौरी की अंशिका द्वितीय और पुरौना की पिंकी तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में अरमान, अभय और प्रिंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कबड्डी के बालिका वर्ग के फाइनल में उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरौना की टीम ने कंपोजिट विद्यालय बारा को हराकर जीत दर्ज की। वहीं, बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय बारा की टीम विजेता रही। खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों की प्रतिभा निखारने का बेहतर माध्यम हैं। आयोजन में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, संगठन मंत्री सर्वोदय कुमार, प्रज्ञा गुप्ता, शैलजा यादव, आशीष कुमार द्विवेदी, आलोक मिश्रा, रेणु पांडे, तूलिका जैन, महेश मिश्रा, अनूप मिश्रा और सुनील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

बीघापुर, उन्नाव। बारासगवर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस उसके दूसरे साथी की तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि 22 अक्टूबर को त्रिलोकपुर गांव निवासी रामनरेश पुत्र सहदेव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफबाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक रामचंद्र मिश्र ने पहाड़पुर निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजकिशोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस घटना में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

भरत मिलाप स्थल पर किया गया रावण दहन

पुरवा, उन्नाव। कस्बे के भरत मिलाप स्थल पर परंपरानुसार इस वर्ष भी रावण दहन किया गया। देवी की चक्की के पास रावण का पुतला तैयार किया गया, जिसमें बालिकाओं और बालकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके बाद पुतले का दहन किया गया। दौरान लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। मान्यता के अनुसार, रावण दहन भगवान राम की विजय और अधर्म के अंत का प्रतीक है। इस आयोजन में एकांश साहू, झलक साहू, तेजस सोनी, वीर सोनी, रुद्र सोनी, वंशराज सोनी, आयुष राज सोनी, शिवाय सोनी, पलक साहू, हारो साहू और अंश सोनी सहित अन्य बच्चे मौजूद रहे।

ब्याज माफी योजना से व्यापारियों को मिलेगी राहत

सफीपुर, उन्नाव। प्रदेश सरकार की ब्याज माफी योजना-2026 के प्रति व्यापारियों और करदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। इसमें राज्य कर विभाग के उपायुक्त दिनेश कुमार सिंह ने योजना की जानकारी देते हुए पात्र करदाताओं से लाभ उठाने की अपील की। 31 दिसंबर 2025 तक के जीएसटी पूर्व बकाये पर ब्याज और अर्थदंड में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है। योजना 16 अक्टूबर 2026 से प्रभावी है। पात्र करदाता 15 जनवरी 2027 तक विभाग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि व्यापारियों की सुविधा के लिए राज्य कर कार्यालय, उन्नाव में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। यहां योजना से संबंधित जानकारी और आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्राप्त की जा सकती है। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यापारियों को योजना से जोड़कर बकाये के निस्तारण में राहत देना है।

सुरेंद्र लखापुर बने दंगल केसरी

पुरवा, उन्नाव। राघवेंद्र सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में मोहल्ला शीतलगंज स्थित पक्का तालाब पर आयोजित दो दिवसीय दंगल के अंतिम दिन पहलवानों ने दमदार दांवपेंच दिखाए। विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुटे।मुख्य मुकाबले में राहुल बदरका ने राजेश रायबरेली को हराया। वहीं, रेहान दिल्ली ने विश्वजीत बदरका को शिकस्त दी। सज्जन चंडीगढ़ी ने रमेश कानपुर को पटखनी देकर जीत हासिल की। महिला कुश्ती में शीला राजस्थानी ने अल्का हरदोई को पराजित किया।

सीएचसी औरास के निरीक्षण में भर्ती नहीं मिले मरीज, यूनिफार्म न पहनने पर जताई नाराजगी



औरास, उन्नाव। लखनऊ मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. जीपी गुप्ता ने शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे सीएचसी औरास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में एक भी मरीज भर्ती नहीं मिला, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनूप तिवारी से जवाब-तलब किया।निरीक्षण टीम ने सबसे पहले ओपीडी पहुंचकर रजिस्टर की जांच की और मरीजों से बातचीत की। इसके बाद डेंटल कक्ष, दवा स्टोर और जननी सुरक्षा वार्ड का निरीक्षण किया। डेंटल डॉक्टर और स्टाफनर्स के यूनिफार्म में नहीं मिलने पर अपर निदेशक ने नाराजगी जताई और ड्यूटी के दौरान निर्धारित यूनिफार्म पहनने की सख्त हिदायत दी। सीएचसी परिसर और कमरों में साफ-सफाई व रखरखाव की स्थिति संतोषजनक मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जताई। एक घंटे से अधिक चले निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के लिए अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए।- **महिला डॉक्टर की तैनाती न होने पर जताया अफसोस**

सीएचसी के जननी सुरक्षा वार्ड में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर की तैनाती न होने पर अपर निदेशक ने अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि महिला डॉक्टर की तैनाती होने से गर्भवती महिलाओं को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त



उन्नाव। स्वास्थ्य योजनाओं की खराब प्रगति और लापरवाही पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने नाराजगी जताते हुए कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जननी सुरक्षा योजना में लापरवाही पर जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगने और वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की खराब प्रगति पर सात सीडीपीओ का वेतन रोकने को कहा। वैक्सीनेटर और सुपरवाइजर का प्रशिक्षण नहीं कराने पर बांगरमऊ और सफीपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। अस्पतालों में बाहर की दवाएं लिखे जाने के मामलों में सीएमओ को दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मनगर में तैनात सीएचओ के लगातार बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर बर्खास्तगी के निर्देश दिए। डीएम ने आभा आईडी, एफआरयू में सीजेरियन प्रसव, आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान और संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए प्रगति सुधारने की चेतावनी दी। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने, ई-कवच पोर्टल पर पंजीकरण और डाटा फीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, टीबी उन्मूलन और परिवार नियोजन कार्यक्रमों में तेजी लाने पर भी जोर दिया।

रावण वध के साथ गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। कस्बा ऊगू में सार्वजनिक रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में शुक्रवार को रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद वध का मंचन किया गया। रावण वध होते ही रामलीला मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। स्थानीय कलाकारों के युद्ध प्रसंगों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

मंचन में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण वानर सेना के साथ लंका पहुंचे। इसके बाद राम की सेना और रावण की राक्षस सेना के बीच भीषण युद्ध दिखाया गया। लक्ष्मण को शक्ति लगने पर भगवान श्रीराम का विलाप देखकर दर्शक भावुक हो गए। इसके बाद कुंभकर्ण वध और लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध का मंचन हुआ।

घर के अंदर फंदे से लटका मिला मजदूर का शव

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के शिव दर्शन खेड़ा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 42 वर्षीय मजदूर का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।गांव निवासी गुड्डू पुत्र स्व. बेचेलाल मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार, बीती रात उसने घर में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। रात करीब दो बजे लघुशंका के लिए उठे बेटे सूरज ने पिता का शव फंदे से लटका देखा तो चीख पड़ा। आवाज सुनकर दूसरे कमरे में सो रही पत्नी सन्नो और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। शव देखकर घर में चीख-पुकार मच गई। गुड्डू के चार बच्चे हैं, जिनमें बेटे सूरज और बबलू तथा बेटियां मुस्कान और सोनम शामिल हैं।

पीईटी परीक्षा को लेकर केंद्रों का निरीक्षण, सुरक्षा के सख्त निर्देश



उन्नाव। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव और अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने डीएसएन कॉलेज और वेन-हर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता जांची। साथ ही अभ्यर्थियों के प्रवेश और निकास, परीक्षा कक्षों की स्थिति तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के इंतजामों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने, पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और सीसीटीवी कैमरों से प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनियमितता या अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को केंद्र तक पहुंचने और प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने में परेशानी न हो, इसके लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शिक्षक एमएलसी एवं लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी का हुआ मतदान



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। शिक्षक एमएलसी एवं लखनऊ खण्ड स्नातक एमएलसी का नगर पालिका परिषद में बनाए गए बथों पर में हुआ मतदानलोगों ने जमकर किया मतदान भाजपा के विधायक अमन गिरि के बेहतर चुनावी प्रबंधन व शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के चलते लखनऊ खंड स्नातक विधान परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश कुमार पटेल एक बार पुनः स्नातक विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने की संभावना बलवती है। कुशल रणनीतिक नियोजन और बेहतर चुनावी प्रबंधन के बल पर स्नातक विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश पटेल की स्थिति बेहद मजबूत नजर आ रही है। गोला विधानसभा विधायक अमन गिरि के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से जारी जमीनी स्तर पर किया गया कार्य गोला नगर पालिका परिषद के बूथ पर स्पष्ट नजर आया। गोला विधायक अमन गिरि के सुनियोजित प्रचार अभियान व गोला विधानसभा के दोनों ब्लॉक कुम्भी व बिजुआ से स्नातक मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने की प्रबंधन व्यवस्था से भारी संख्या में मतदान संभव हुआ। उक्त अभियान की सफलता के लिए अमन गिरि ने अपनी विधानसभा के दोनों ब्लॉक में अलग अलग टीम गठित कर एक एक मतदाता को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील के साथ ही लगातार नगर पालिका परिषद मतदान स्थल तक उन्हें पहुंचाने की सुचारू व्यवस्था की जिससे भाजपा प्रत्यशी इंजीनियर अवनीश कुमार पटेल की जीत की संभावना एक बार फिर से प्रबल बलवती हो गई है।

नाली निर्माण तोड़ने पर भड़के लोग, काम बंद कराया

शुक्लागंज, उन्नाव। पोनी रोड तिराहे से दोनों ओर नाली निर्माण और सड़क चौड़ीकरण के कार्य को लेकर शुक्रवार को गांधीनगर गली नंबर तीन के पास हंगामा हो गया। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने निर्माण को गलत बताते हुए नाली का हिस्सा तुड़वा दिया, जिससे स्थानीय दुकानदारों और निवासियों में नाराजगी फैल गई। लोगों ने विरोध करते हुए निर्माण कार्य बंद करा दिया। अन्नू त्रिवेदी, वीरेंद्र कुमार शर्मा और रामश्री सहित तमाम स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। हंगामा बढ़ने पर अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, नाराज लोगों ने उनकी बात नहीं मानी। इसके बाद अधिकारी मौके से चले गए और करीब एक घंटे तक निर्माण कार्य बंद रहा। बाद में कार्यदायी संस्था के ठेकेदार राज सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों को निष्पक्ष तरीके से दोबारा नाली निर्माण कराने का आश्वासन दिया।


गोला में माँ दुर्गा का दसवां विशाल जागरण आयोजित



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। नगर के मिल रोड स्थित तिवारी मार्केट में माँ भगवती जागरण कमेटी के तत्वावधान में दसवां विशाल माँ दुर्गा जागरण धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दरबार में हाजिरी लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश वंदना एवं माता रानी के जयकारों के साथ शुरू हुआ। माँ सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप, सीतापुर की ओर से भजन गायिका नैना किंकर (कानपुर) तथा शिवांशु पंडित (सीतापुर) ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। वहीं, भव्य दरबार और मनमोहक धार्मिक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक अमन गिरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला श्रिंकृशु तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल मौजूद रहीं। अतिथियों ने माँ दुर्गा की आरती कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजक मोहित राठौर ने बताया कि कमेटी द्वारा पिछले नौ वर्षों से लगातार माँ दुर्गा जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष दसवां जागरण था। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नगर में धार्मिक सौहार्द, भक्ति भावना और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर जुगल किशोर गुप्ता, रोहित राठौर, प्रेम प्रकाश गुप्ता, सचिन गुप्ता, राजेश प्रजापति, धीरेंद्र कुमार, अरविंद जायसवाल, दिलीप जायसवाल सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भक्तगण एवं नगरवासी मौजूद रहे।

एक नजर में

शिक्षक एम एल सी में 70 प्रतिशत और स्नातक एम एल सी 47.22 प्रतिशत का मतदान



धौरहरा खीरी। नगर पंचायत धौरहरा कार्यालय में बनाए गए दो बूथों पर स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। तहसील क्षेत्र में शिक्षक एमएलसी चुनाव में 70 प्रतिशत, जबकि स्नातक एमएलसी चुनाव में 47.22 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार सक्रिय रहीं। उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा और पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक यादव पूरे चुनाव की निगरानी करते रहे। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क रही। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती के बीच मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। प्रशासन की निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के बीच दोनों बूथों पर चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ। तहसील क्षेत्र में शिक्षक एमएलसी चुनाव में 70 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि स्नातक एमएलसी चुनाव में 47.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

आल इंडिया सिंख पंजाबी वेलफेयर ने तेन्दुवों के हमलों से मृतक हुवे परिजनों को 20 लाख देने की रक्खी मांग



लखीमपुर-खीरी। आल इंडिया सिंख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि तेंदुवा व अन्य जंगली जानवरों के हमले से हो रही जनहानि पर चिन्ता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वनमंत्री एवं जिलाधिकारी खीरी से तेन्दुआ के हमले से मृतकों के परिजनों को 20 लाख रूपया मुआवजा दिलाये जाने की मांग की। हरपाल सिंह ने बताया कि खीरी जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुवा एवं अन्य जंगली जानवारें द्वारा किये जा रहे हमलों से हो रही जनहानि पर आल इंडिया सिंख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल ने चिन्ता व्यक्त की है। काउंसिल ने मुख्यमंत्री एवं वनमंत्री से जंगल किनारे रह रहे ग्रामीणों की सुरक्षा की मांग करते हुवे 20 लाख रूपये मुवावजा दिये जाने की मांग की है। प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही क्षेत्र में तेंदुए के हमले में मनजोत पुत्र जोगा सिंह की मौत हो गई थी। दूसरी घटना ग्राम रूकंदीपुर थाना फरधान में जंगली जानवर के हमले से संदीप सोनी के सात साल के पुत्र की मौत हो गई थी। लगातार क्षेत्र में तेन्दुवों के हमले से तमाम निर्दोश ग्रामीणों की मौत हो रही है। सरदार हरपाल सिंह राणा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री से अग्रह है कि जंगलों के भीतर जंगल से सटे आबादी वाले गॉव क्षेत्र में वन विभाग की निरंतर गस्त बढाई जाये। संवेदनशील गॉव और वन सीमाओं पर प्रयाप्त वनकर्मीयों की आवश्यकता है। प्रेस वार्ता में एगबाल सिंह पूर्व प्रधान समेत आदि पदाद्यिकारी मौजूद रहे।

शादी के पांच महीने बाद विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव में शुक्रवार को 19 वर्षीय विवाहिता ने घर के अंदर नीम के पेड़ की डाल से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हमीरपुर गांव निवासी फूल कुमार पासी की बेटी रंजना की शादी करीब पांच महीने पहले रायबरेली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के मीठापुर गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र रामशंकर के साथ हुई थी। शुक्रवार को रंजना घर पर मौजूद थी। इसी दौरान उसने फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार बीघापुर की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने मृतका की मां शोभा देवी की तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

एसडीएम ने जनगणना प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

पुरवा, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को एसडीएम दिग्विजय सिंह ने श्री ठाकुर जी महाराज महाविद्यालय में संचालित जनगणना प्रशिक्षण केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी जांची, जो संतोषजनक मिली। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और प्रबंधकों को भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कर्मचारियों को केंद्र पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि प्रशिक्षण कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। उन्होंने व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और प्रशिक्षणार्थियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

बार एसोसिएशन चुनाव के लिए 17 नवंबर को होगा मतदान

पुरवा, उन्नाव। स्थानीय बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2026-27 के लिए सदस्यता सूची जारी कर निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त रमाशंकर वर्मा एडवोकेट तथा सहायक चुनाव अधिकारी राम लखन यादव और सुरेशचंद यादव एडवोकेट ने चुनाव की तिथियों की जानकारी दी। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 26 और 27 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन होगा। 28 अक्टूबर को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद 17 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। इसी दिन मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

सचिवों की हड़ताल और खाद की किल्लत से किसान परेशान

बीघापुर, उन्नाव। साधन सहकारी समितियों के सचिवों की हड़ताल और इफ्को व पीसीएफकेंद्रों पर खाद की कमी से किसान परेशान हैं। सरसों और चना की बुवाई के समय खाद नहीं मिलने से किसानों को निजी दुकानों से खाद खरीदने की मजबूरी सता रही है।लगातार बारिश के कारण पहले खेत तैयार नहीं हो सके। अब खेत बुवाई के लिए तैयार हैं तो खाद नहीं मिल रही है। बेहटा गोपी निवासी रमन पांडेय और श्रीकांत शर्मा ने बताया कि तीन दिन पहले इफ्को और पीसीएफकेंद्रों पर लाइन लगाने के बावजूद खाद नहीं मिली। अब केंद्रों पर खाद खत्म होने की बात कही जा रही है। सचिवों की हड़ताल कब तक चलेगी, इसकी भी कोई जानकारी नहीं है। अकबाबाद निवासी सुशील साहू और गौरी निवासी रामकिशुन ने बताया कि दो दिनों से खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। एडीओ सहकारिता जयंत वर्मा ने बताया कि मगरायर समिति को छोड़कर अन्य स्थानों पर खाद उपलब्ध है, लेकिन सचिवों की हड़ताल के कारण वितरण नहीं हो पा रहा है। इफ्को केंद्र प्रभारी अभिषेक सिंह और पीसीएफप्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि दो दिन पहले तक खाद वितरित की जा रही थी।